दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

सत्यजय टाईम्स

वर्ष-11, अंक-272 रविवार 02 अक्टूबर, 2022, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

अग्रवाल कॉलेज में रही गांधी जयंती की धूम

बल्लभगढ़, 01 अक्टूबर, सत्यजय टाईम्स/विजय चौहान। अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ शनिवार को डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में गांधी जयंती के उपलक्ष्य मे एनएसएस की इकाईयों द्वाराअनेक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी के चलते पटेल नगर में वस्त्र वितरण व महाविद्यालय में श्रमदान का आयोजन किया गया। इस गतिविधि में एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों की

गांधी जयंती पर आयोजित कार्यक्रमों में हिस्सा लेते अग्रवाल कालेज के छात्र व छात्राएं। छाया: सत्यजय टाईम्स/पुष्पा अग्रवाल।

देखरेख में स्वयंसेविका-स्वयंसेविकाओं ने सक्रिय भागीदारी दर्ज कराई कॉलेज में एनएसएस इकाइयों में जरूरतमंद बच्चों की मदद करने के लिए और बदलते हुए मौसम के अनुरूप बांटने योग्य सामग्री जैसे गर्म कपड़े, चादर, बैग, टिफिन और अन्य जरूरतों का सामान इकट्ठा किया गया।

तत्पश्चात यह सभी सामान पटेल नगर में उन जरूरतमंद बच्चों को पहुंचाया गयाजिनको इसकी वास्तविक आवश्यकता थी साथ ही साथ जूते और कुछ पुस्तकें भी बच्चों को बांटी गई इस अवसर पर प्राचार्य ने बच्चों को संदेश दिया कि यदि हम कुछ समाज सुधार लाना चाहते है तो इसकी शुरूआत हम दूसरों की भलाई करके कर सकते है क्योंकि जब हम दूसरो की मदद करेंगे तो एक अच्छा समाज स्वयं ही बन जाएगा साथ ही साथ उन्होंने एक स्वच्छ और सुदृढ़ समाज के लिए श्रमदान को अत्यंत आवश्यक बताया और कहा कि श्रमदान से ही हमारा भारत महान बनेगा प्राचार्य ने सभी विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाया और एनएसएस की सभी प्रभारियों डॉ. शोभना गोयल, डॉ. सुप्रिया ढांडा और सीमा मलिक को कार्यक्रम की सफलता पर बधाई दी।